## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।**
2. **झारखण्ड समेत देश भर के सभी स्कूल भवनों का होगा सुरक्षा ऑडिट, केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शाषित प्रदेशों के मुख्य सचिव को दिया निर्देश।**
3. **राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा– राज्य में 25 लाख बेघरों को जल्द मिलेगा आवास, पंचायती राज व्यवस्था होगी पूरी तरह से डिजिटल।**
4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में 31 जुलाई तक भारी बारिश होने की जारी की चेतावनी, जमशेदपुर में बाढ़ जैसे हालत।**
5. **प्रथम राज्य स्तरीय बालक–बालिका लिट्ल चैम्प्स फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचे गिरिडीह, गुमला और दुमका समेत आठ जिले**

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

**********************

शिक्षा मंत्रालय ने झारखण्ड समेत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कदम उठाने का निर्देश जारी किया है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिता के अनुसार स्कूलों और बच्चों से संबंधित सुविधाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारी में कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण तथा परामर्श शामिल है। मंत्रालय ने अपनी सिफारिशों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा विद्यार्थियों के लिए उठाए जाने वाले कई कदमों पर ज़ोर दिया है। इन कदमों में रोकथाम संबंधी सुरक्षा उपाय, जागरूकता और प्रशिक्षण, मनो–सामाजिक कल्याण, रिपोर्टिंग तंत्र, और सार्वजनिक जिम्मेदारी शामिल हैं।

**********************

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर विभिन्न दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि 31 जुलाई को पार्टी ने विधायक दल की बैठक बुलाई है।

इधर, भारतीय जनता पार्टी ने हटिया के विधायक नवीन जायसवाल को विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। वहीं, धनबाद के विधायक राज सिन्हा और बगोदर के विधायक नागेंद्र महतो विधानसभा में पार्टी के सचेतक होंगे।

**********************

राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि एक साल के अंदर जमीन पर विकास के कई कार्य दिखने लगेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में 25 लाख बेघरों को आवास देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। श्रीमती पांडेय ने रांची में कहा कि साल भर के भीतर कई ग्रामीण सड़क और पल निर्माण के कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज्य

व्यवस्था को भी पूरी तरह से डिजिटल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि झारखण्ड में पेसा कानून लागू करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

*********************

हजारीबाग जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कल चलकुशा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा की और जलापूर्ति की सतत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

*********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक फोन कॉल के जरिए उस समय दी गई जब वो करगिल विजय दिवस पर द्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। मंत्री ने इसकी जानकारी झारखण्ड के पुलिस महानिदेशक को दी है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंत्री को इससे पहले भी दिसंबर महीने में हत्या की धमकी मिली थी।

*********************

देवघर जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने तीसरी सोमवारी के सफल संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा है कि विनम्रता और सेवाभाव के साथ श्रावणी मेला के दौरान पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांवरियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण जैसी चुनौतियों का सामना बिना सजगता के नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने श्रावणी मेले की तैयारियों की जानकारी दी।

*********************

धनबाद जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा सुधार को लेकर विशेष दिशा–निर्देश दिए हैं।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत आसपास के कई जिलों में 31 जुलाई तक भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आज रांची, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम, पलामू, गढ़वा, धनबाद, जामताड़ा, देवघर और दुमका में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, पांच अन्य जिले, खूंटी, लातेहार, गुमला और सिमडेगा में भारी से भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बारिश की संभावना को देखते हुए 31 जुलाई तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, जमशेदपुर में भारी बारिश और विभिन्न डैमों के फाटक खोल दिए जाने से सुवर्णरेखा और खरकई नदी उफान पर है। इस कारण जमशेदपुर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत हो गए हैं।

*********************

रांची के मेसरा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रथम लिट्ल चैम्प्स फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक और बालिका वर्ग के तहत प्री–क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में सिमडेगा ने कोडरमा को 7–0 से, पलामू ने रांची को 2–0 से, लोहरदगा ने खूंटी को 3–2 से और पश्चिमी सिंहभूम ने साहिबगंज को 3–0 से हरा दिया। प्रतियोगिता में दोनों वर्गों से आठ जिले सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। बालक वर्ग में गिरिडीह, गुमला, दुमका और साहेबगंज ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की है, वहीं बालिका वर्ग में पलामू, लातेहार, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

राज्य से प्रकाशित अधिकतर अखबारों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को मिली जान से मारने की धमकी से सम्बंधित खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की हेडलाइन है – करगिल दिवस कार्यक्रम में भाग लेने द्रास गए मंत्री को दो अलग–अलग नंबरों से पांच बार किया फोन, कहा– आप पर गोली चलेगी

**प्रभात खबर** ने राजधानी रांची में जमीन और फ़्लैट की सरकारी दर में दस प्रतिशत तक की हुई बढ़ोतरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण ने** रांची के कांके में एक युवती पर पेट्रोल से हुए हमले और उसकी आंखों को पहुंचे नुकसान की घटना को लीड बनाई है।

**हिंदुस्तान की** हेडलाइन के शब्द हैं – कोल्हान और पलामू प्रमंडल में भारी बारिश से कई गांवों का संपर्क कटा

**द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने** गुमला जिले में हुए मुठभेड़ के दौरान मारे गए तीन नक्सलियों की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**********समाप्त****************